**CLASS : 12th (Sr. Secondary)** **Code No. 213**

**Series : SS/Annual-2023**

*Roll No.* [ | | | | | | | | | ]

***SET : B***

**MAP**

# भूगोल

# GEOGRAPHY

[ हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम ]

[ Hindi and English Medium ]

***ACADEMIC/OPEN***

(Only for Fresh/Re-appear/Improvement/Additional Candidates)

*समय : **3** घण्टे ]* *[ पूर्णांक : **60***

*Time allowed : **3** hours ]* *[ Maximum Marks : **60***

- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **7** तथा प्रश्न **24** हैं।*

  *Please make sure that the printed pages in this question paper are **7** in number and it contains **24** questions.*

- *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिये गये **कोड नम्बर** तथा **सेट** को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर लिखें।*

  *The **Code No.** and **Set** on the right side of the question paper should be written by the candidate on the front page of the answer-book.*

- *कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।*

  *Before beginning to answer a question, its Serial Number must be written.*

- *उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना/पन्ने न छोड़ें।*

  *Don't leave blank page/pages in your answer-book.*

- *उत्तर-पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य शीट नहीं मिलेगी। अतः आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा उत्तर न काटें।*

  *Except answer-book, no extra sheet will be given. Write to the point and do not strike the written answer.*

- *परीक्षार्थी अपना रोल नं० प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें। रोल नं० के अतिरिक्त प्रश्न-पत्र पर अन्य कुछ भी न लिखें और वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तरों पर किसी प्रकार का निशान न लगाएँ।*

  *Candidates must write their Roll No. on the question paper. Except Roll No. do not write anything on question paper and don't make any mark on answers of objective type questions.*

- *कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न-पत्र पूर्ण व सही है,* ***परीक्षा के उपरान्त इस सम्बन्ध में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।***

  *Before answering the questions, ensure that you have been supplied the correct and complete question paper,* ***no claim in this regard, will be entertained after examination.***

---

*सामान्य निर्देश :*

(i) ***सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।***

(ii) *प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दर्शाए गए हैं।*

(iii) *प्रश्नों के उत्तर उनके अंकानुसार दें।*

(iv) *प्रश्न संख्या* **24** ***विश्व*** *के मानचित्र को भरने से संबंधित है।*

(v) *विश्व के मानचित्र को भरकर अपनी उत्तर-पुस्तिका के बीच मजबूती से बाँधिए।*

(vi) *मानचित्र पर अपनी उत्तर-पुस्तिका का क्रमांक* ***अवश्य*** *लिखें।*

***General Instructions :***

(i) ***All questions are compulsory.***

(ii) *Marks for each question are indicated against it.*

(iii) *Answer the questions according to their marks.*

*(iv)* *Question No.* ***24*** *is related to filling the outline map of the* ***World****.*

*(v)* *After filling the map of the World it should be securely tied in the middle of the answer-book.*

*(vi)* *You* ***must*** *write your Answer-book Serial No. on the map.*

**1.** इनमें से कौन-सा तत्त्व पर्यावरण का हिस्सा ***नहीं*** है ? 1

(A) जलवायु (B) धरातल

(C) कृषि (D) पानी

Which element is ***not*** a part of environment ?

(A) Climate (B) Relief

(C) Agriculture (D) Water

**2.** निम्नलिखित में से किस देश में सहकारी खेती सबसे सफल प्रयोग थी ? 1

(A) रूस (B) डेनमार्क

(C) भारत (D) नीदरलैंड

In which one of the following countries Co-operative Farming was the most successful experiment ?

(A) Russia (B) Denmark

(C) India (D) Netherland

**3.** इस प्रकार का श्रमिक कुटीर उद्योग का भाग ***नहीं*** होता ? 1

(A) बढ़ई (B) बुनकर

(C) दुकानदार (D) भेड़-पालक

This type of worker is ***not*** the part of cottage industry ?

(A) Carpenter (B) Weaver

(C) Shopkeeper (D) Sheepkeeper

**4.** निम्नलिखित में से कौन-सी एक गतिविधि द्वितीयक क्षेत्र की गतिविधि ***नहीं*** है ? 1

(A) लोहा गलाना (B) वस्त्र बनाना

(C) मछली पकड़ना (D) टोकरी बनाना

Which one of the following activities is ***not*** a secondary sector activity ?

(A) Iron smelting (B) Making garments

(C) Catching fish (D) Basket weaving

**5.** भारत में निम्नलिखित में से किस राज्य का जनसंख्या घनत्व सबसे अधिक है ? 1

(A) पश्चिम बंगाल (B) केरल

(C) उत्तर प्रदेश (D) पंजाब

Which one of the following States has the highest density of population in India ?

(A) West Bengal (B) Kerala

(C) Uttar Pradesh (D) Punjab

**6.** आर्थिक भूगोल से आपका क्या अभिप्राय है ? 1

Define Economic Geography.

**7.** उन नदी घाटियों के नाम लिखिए जो प्रारम्भिक काल में घनी आबादी वाली थी। 1

Name the river valleys which were densely populated in the early ages.

**8.** आयु संरचना क्या है ? 1

What is age structure ?

**9.** गाँवों में रहने वाली भारतीय जनसंख्या का अनुपात बताइए। 1

What proportion of Indian population living in the villages ?

**10.** जनसंख्या घनत्व से आपका क्या अभिप्राय है ? 1

Define Density of Population.

**11.** महिलाओं को ग्रामीण क्षेत्रों से शहरी क्षेत्रों में प्रवास करने के लिए कौन-सी समस्याएँ हतोत्साहित करती हैं ? 2

What problems discourage women to migrate from rural areas to urban areas ?

**12.** वृत्ताकार या वर्गाकार बस्तियाँ क्या होती हैं ? 2

Define Circular or Square Settlements.

**13.** देश के ***चार*** सबसे अधिक आबादी वाले राज्यों के नाम बताइए। 2

Name ***four*** most populous States of the Country.

**14.** मलिन बस्तियों की प्रमुख समस्याएँ कौन-सी हैं ? 2

What are the main problems of Slums areas ?

**15.** विश्व में सर्वाधिक जनसंख्या के घनत्व वाले ***तीन*** प्रमुख क्षेत्रों के नाम बताइए। 3

Name ***three*** major areas of high population density in the world.

**16.** 'सघन' और 'परिक्षिप्त' (बिखरी हुई) बस्तियों में अन्तर स्पष्ट कीजिए। 3

Distinguish between 'compact' and 'dispersed' (Scattered) settlements.

**17.** प्रवास शब्द को परिभाषित कीजिए। भारत में लोगों के प्रवास के लिए उत्तरदायी ***तीन*** कारक बताइए। 3

Define the term Migration. Explain ***three*** factors that are responsible for migration in India.

**18.** भारत में शहरी अपशिष्ट निपटान से जुड़ी प्रमुख समस्याओं का उल्लेख कीजिए। 3

Mention major problems associated with urban waste disposal in India.

**19.** पनामा नहर पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए। 5

Write a short note on Panama Canal.

**20.** विभिन्न प्रकार की ग्रामीण बस्तियों के प्रतिरूपों का वर्णन कीजिए। 5

Describe the various types of rural settlement patterns.

**21.** चावल की खेती के विकास के लिए अनुकूल भौगोलिक परिस्थितियों का संक्षिप्त विवरण दीजिए। भारत में चावल के उत्पादन तथा वितरण पर प्रकाश डालिए। 5

Give a brief account of favourable geographical conditions for the growth of Rice cultivation. Describe its production and distribution in India.

**22.** भारत में सूती वस्त्र उद्योग के वितरण का संक्षिप्त विवरण दीजिए। 5

Give a brief account of the distribution of Cotton Textile Industry in India.

**23.** देश के प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्गों का उल्लेख कीजिए। 5

Mention the important National Highways of the Country.

**24.** दिए गए ***विश्व*** के रेखा-मानचित्र पर निम्नलिखित को अंकित कीजिए : $1 \times 5 = 5$

Show the following on the given outline map of the ***World*** :

(i) सैन फ्रांसिस्को

San Francisco

(ii) पर्थ

Perth

(iii) राउरकेला

Rourkela

(iv) अलवर

Alwar

(v) मुम्बई

Mumbai